World Tuberculosis Day- 24 March 2022

स्वदेश

आगरा - मुख्य संस्करण

31 Mar 2022

क्षय रोग से बचने के उपाय के बारे में किया जागरूक

फिरोजाबाद में क्षय रोग के प्रति जागरूक करतीं छात्र-छात्राएं।

स्वदेश संवाददाता ■ फिरोजाबाद

इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग एंड पेरामेडिकल साइंसेस अन्तर्गत जे. एस. विश्वविद्यालय के नर्सिंग के समस्त छात्र-छात्राओं द्वारा विश्व क्षय रोग दिवस के मौके पर क्षय रोग जागरूकता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में नर्सिंग के समस्त छात्र-छात्राओं एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भाग लिया।

जिसमें विश्वविद्यालय के पास के ही गांव मोहम्मदपुर में छात्र-छात्राओं ने गांव के लोगों को स्वास्थ्य शिक्षा तथा क्षय रोग से बचने के उपाय के बारे में जागरूक किया। विश्वविद्यालय के महानिदेशक डॉ गौरव यादव तथा नर्सिंग विभाग की प्रधानाचार्या डॉ सीमा यादव एवं समस्त अध्यापक एवं अध्यापिकाएं डा. सुखेन्द्र यादव, मुकेश कुमार, रवीकान्त, अभिषेक यादव, इंद्रेश गुप्ता, शालिनी विश्नोई, संदीप यादव, दीक्षा यादव की अध्यक्षता में कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।